हिंदी विभाग
तेजपुर विश्वविद्यालय
हिंदी का स्नातकोत्तर पाठयक्रम

प्रस्तावना (Preamble)

- हिंदी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम न केवल हिंदी प्रदेश बल्कि हिंदीतर प्रदेश के हिंदी से जुड़े हुए स्नातक विद्यार्थियों की शैक्षणिक मांग की पूर्ति एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य को प्रस्तुत करता है।
- प्रस्तुत पाठ्यक्रम यूजीसी के विश्वविद्यालयी मानकों पर आधारित है, विश्वद्यालय के अकादमिक परिषद (Academic Council) से पारित है तथा अंतर-अनुशासनिक (CBCS) विषयों से भी संबंधित है।
- यह पाठ्यक्रम द्विवर्षीय है जो चार सत्रों में विभक्त है| प्रथम तीन सत्र अनिवार्य-पत्र (Core Course) के रूप में है, जिसके अंतर्गत हिंदी भाषा, हिंदी साहित्य, भाषा विज्ञान, भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र के साथ हिंदी साहित्य की सभी विधाओं का विस्तृत अध्ययन-अध्यापन किया जाता है।
- चौथा सत्र वैकल्पिक-पत्र (Elective Course) का है। इस सत्र के अंतर्गत भाषा, साहित्य, सिनेमा तथा विमर्शों पर आधारित कुल सात वैकल्पिक पत्र रखे गये हैं, इनमें से विद्यार्थियों को किसी एक विकल्प का चयन करना होता है, साथ ही इस सत्र में विद्यार्थियों को किसी एक विषय पर लघु शोध-प्रबंध/परियोजना कार्य भी प्रस्तुत करना होता है।

1. परिचय (Introduction):-

- प्रस्तुत पाठ्यक्रम विद्यार्थी केन्द्रित है जो समावेशी, रचनात्मक एवं आलोचनात्मक दृष्टिकोण पर आधारित है|
- यह पाठ्यक्रम हिंदी साहित्य के विभिन्न कालखण्डों एवं उनकी परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, विशेषताओं आदि पर आधारित है|
- यह पाठ्यक्रम भाषा एवं साहित्य के विविध पक्षों पर केन्द्रित है|
- इस पाठ्यक्रम में संस्कृति, समाज, सिनेमा, लोक, विमर्श के साथ-साथ हिंदी साहित्य के विभिन्न विचारधाराओं के अंगों एवं अनुषंगों पर एकाग्र है|
- भारतीय भाषा एवं साहित्य के तुलनात्मक पक्ष को भी यह पाठ्यक्रम समाहित करता है|
- यह पाठ्यक्रम संवेदनात्मक एवं संवेगात्मक मूल्यों पर केन्द्रित है|
- यह पाठ्यक्रम हिंदी एवं हिंदीतर प्रदेशों के विद्यार्थियों में भाषायी कौशल के विकास पर केन्द्रित है|
- यह पाठ्यक्रम रोजगारपरक है तथा विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के लिए तैयार करता है|

2. उपाधिधारकों की अर्हताएँ (Qualification Descriptors for the Graduates)

प्रस्तुत पाठ्यक्रम:-

- विद्यार्थियों में भाषा एवं साहित्य के विविध पक्षों की समझ विकसित करेगा|
- विद्यार्थियों में रचनात्मक, सृजनात्मक अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करेगा|
- विद्यार्थियों को साहित्य के साथ-साथ दर्शन, इतिहास, मनोविज्ञान, संस्कृति जैसे बहुआयामी विषयों का बोध कराएगा|
- विद्यार्थियों को देश, समाज, संस्कृति, परंपरा एवं लोक के प्रति संवेदनशील बनाएगा|
- विद्यार्थियों में सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं के प्रति सजग एवं सचेत बनाएगा|
- विद्यार्थियों में स्वस्थ मानसिक, सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास करेगा|
- विद्यार्थियों में अंतर-अनुशासनिक विषयों की समझ विकसित करेगा|

3. उपाधिधारक की विशेषताएँ (Graduates Attributes)

विद्यार्थियों में:-

- भाषा एवं साहित्य के ज्ञानानुशासन की गहन समझ विकसित होगी|

- विश्लेषणात्मक, विवरणात्मक एवं आलोचनात्मक वैचारिकी निर्मित होगी|
- भाषा के विविध अंगों एवं अनुषंगों की जानकारी प्राप्त होगी|
- अंतर-अनुशासनिक विषयों की पारस्परिक समझ बन पाएगी|
- भाषा एवं हिंदी साहित्य के अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी उपकरणों से जुड़ पाएंगे|
- सम्प्रेषण कौशल में दक्षता विकसित होगी|

4. कार्यक्रम-प्रतिफल (Programme Outcomes)

स्नातकोत्तर हिंदी कार्यक्रम:-

विद्यार्थियों में:-

1. भाषा एवं साहित्य की समग्र समझ, स्वाध्याय की योग्यता, विषय के प्रति जागरूकता और विषय के विभिन्न पक्षों की अनुसंधानात्मक समझ बन पाती है।
2. भाषा के विविध अंगों की सैद्धांतिक एवं अनुप्रायोगिक प्रक्रियाओं से अवगत हो पाते हैं।
3. साहित्य की विविध विधाओं की वैचारिकी की समझ एवं आलोचनात्मक विवेक विकसित हो पाता है।
4. साहित्य के अध्ययन से जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का विकास हो पाता है।
5. साहित्य-अध्ययन से समाज एवं संस्कृति की विसंगतियों की पड़ताल कर पाते हैं।
6. प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति सजग हो पाते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति एक नवीन सौंदर्यबोध पैदा हो पाता है।
7. साहित्य के अध्ययन से संवेदनाओं एवं मानवीय मूल्यों का विकास हो पाता है।
8. साहित्य के अध्ययन से इतिहास, परंपरा एवं दर्शन की गहन समझ विकसित हो पाती है।
9. स्थानीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भाषा एवं साहित्य को समझ पाते हैं।
10. भाषिक कौशलों में दक्ष बन पाते हैं तथा अंतर-अनुशासनिक विषयों का बोध हो पाता है|

5. Programme structure

हिंदी का स्नातकोत्तर पाठयक्रम

(Programme: M.A. in Hindi)

कुल क्रेडिट(Total Credit) : 80

Course	*Credit*
Core	**52**
Departmental Elective	**22**
Open Elective	**06**

समयावधि- 02 वर्ष (04 सेमेस्टर)

अधिकतम समयावधि- 04 वर्ष (08 सेमेस्टर)

Course category	**NO of courses**	**Credit per course**	**Total Credits**
Foundation course (core course)	13	04	52

Departmental elective course	04	04	16
dissertation	01	06	06
Open elective (CBCT)	02	03	06
Total Credits			80

6. Semester wise schedule

प्रथम-सत्र (First Semester)
Total CR: 20

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 430	आदिकालीन एवं निर्गुण काव्य	03	01	-	04	04
HN 431	छायावादी काव्य	03	01	-	04	04
HN 432	हिंदी साहित्य का इतिहास : आदिकाल और मध्यकाल	03	01	-	04	04
HN 433	भारतीय काव्यशास्त्र	03	01	-	04	04
HN 434	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	03	01	-	04	04

द्वितीय-सत्र (Second Semester)
Total CR: 19

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 435	सगुण भक्ति एवं रीति काव्य	03	01	-	04	04
HN 436	छायावादोत्तर काव्य	03	01	-	04	04
HN 437	हिंदी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल	03	01	-	04	04
HN 438	हिंदी भाषा एवं लिपि	03	01	-	04	04
Open elective		02	01	-	03	03

तृतीय-सत्र (Third Semester)
Total CR: 19

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 540	हिंदी कथा साहित्य : उपन्यास एवं कहानी	03	01	-	04	04
HN 541	हिंदी नाटक और निबंध	03	01	-	04	04
HN 542	भाषा विज्ञान	03	01	-	04	04
HN 543	हिंदी आलोचना	03	01	-	04	04
Open elective		02	01	-	03	03

चतुर्थ-सत्र (Fourth Semester)
वैकल्पिक-पत्र
(Elective Course)

(A)
प्रयोजनमूलक हिंदी (Prayojanmoolak Hindi)

7. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 544	प्रयोजनमूलक हिंदी : सिद्धांत-संदर्भ	03	01	-	04	04
HN 545	राजभाषा हिंदी: संवैधानिक स्थिति एवं उसका अनुप्रयोगात्मक पक्ष	03	01	-	04	04
HN 546	हिंदी पत्रकारिता और जनसंचार	03	01	-	04	04
HN 547	अनुवाद विज्ञान : सिद्धान्त एवं अनुप्रयोग	03	01	-	04	04
HN 548	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	6	00	06

(B)

आधुनिक हिंदी साहित्य (Adhunik Hindi Sahitya)

8. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 549	प्रेमचंद	03	01	-	04	04
HN 550	जयशंकर प्रसाद	03	01	-	04	04
HN 551	सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'	03	01	-	04	04
HN 552	सच्चिदानंद हीरानंद वात्सायन 'अज्ञेय'	03	01	-	04	04
HN 553	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	06	00	06

(C)

अनुप्रयुक्त भाषा विज्ञान (Anuprayukt Bhasha vigyan)

9. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 554	भाषा शिक्षण	03	01	-	04	04
HN 555	शैलीविज्ञान	03	01	-	04	04
HN 556	समाज भाषाविज्ञान	03	01	-	04	04
HN 557	कोश विज्ञान	03	01	-	04	04
HN 558	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	06	00	06

(D)

तुलनात्मक साहित्य (Tulnatmak Sahitya)

10. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 559	तुलनात्मक साहित्य:स्वरूप, उदभव और विकास	03	01	-	04	04
HN 560	भारतीय साहित्य : अवधारणा और विशेषताएँ	03	01	-	04	04

HN 561	पूर्वोत्तर की संस्कृति और साहित्य	03	01	-	04	04
HN 562	असम की संस्कृति और साहित्य	03	01	-	04	04
HN 563	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	06	00	06

(E)

लोक साहित्य (Lok Sahitya)

11. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 564	लोक साहित्य : सिद्धांत-संदर्भ	03	01	-	04	04
HN 565	लोकगीत और लोकगाथा	03	01	-	04	04
HN 566	लोक कथा एवं लोक नाटक	03	01	-	04	04
HN 567	लोक सुभाषित	03	01	-	04	04
HN 568	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	06	00	06

(F)

विमर्शमूलक अध्ययन (Vimarshmoolak adhayan)

12. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 569	अस्मितामूलक विमर्श	03	01	-	04	04
HN 570	स्त्रीमूलक विमर्श	03	01	-	04	04
HN 571	दलितमूलक विमर्श	03	01	-	04	04
HN 572	आदिवासीमूलक विमर्श	03	01	-	04	04
HN 573	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	06	00	06

(G)

सिनेमा, साहित्य और समाज (Cinema, Sahitya aur Samaj)

13. **CR: 22**

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 574	सिनेमा, साहित्य और समाज का अन्तः संबंध	03	01	-	04	04
HN 575	साहित्य का सिनेमाई रूपांतरण	03	01	-	04	04
HN 576	हिंदी सिनेमा और अस्मितामूलक विमर्श	03	01	-	04	04
HN 577	साहित्य और सिनेमा का भाषाई एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य	03	01	-	04	04
HN 578	लघु शोध-प्रबंध / परियोजना कार्य	00	00	06	00	06

7. कार्यक्रम प्रतिफल का आरेख (Mapping of Course with Programme Outcomes)

M.A Programme	Programme Outcomes									
Core course	PO1	PO2	PO3	PO4	PO5	PO6	PO7	PO8	PO9	PO10
SEMESTER I										
HN430				✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN431			✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN432	✓		✓	✓	✓		✓	✓	✓	
HN433	✓	✓	✓	✓	✓		✓	✓	✓	
HN434	✓		✓	✓	✓		✓	✓	✓	✓
SEMESTER II										
HN435	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN436	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	

HN437	✓		✓	✓	✓		✓	✓	✓	
HN438	✓	✓							✓	✓
SEMESTER III										
HN540	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN541	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓		
HN542	✓	✓							✓	✓
HN543	✓	✓	✓		✓		✓	✓	✓	✓
SEMESTER IV (DEPT.ELECTIVE) A										
HN544	✓	✓							✓	✓
HN545	✓	✓							✓	✓
HN546	✓	✓		✓	✓			✓	✓	✓
HN547	✓	✓							✓	✓
HN548	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
B										
HN549	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN550	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN551	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN552	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN553	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
C										
HN554	✓	✓		✓	✓		✓	✓	✓	✓
HN555	✓	✓							✓	✓
HN556	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN557	✓	✓							✓	✓

HN558	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
D										
HN559	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN560	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN561	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN562	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN563	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
E										
HN564	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	
HN565	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN566	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN567	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN568	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
F										
HN569	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN570	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN571	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN572	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN573	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
G										
HN574	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN575	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN576	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN577	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN578	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
Open elective **CBCS**	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓

HN501	✓	✓							✓	✓
HN502	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
HN503	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓

8. मूल्यांकन पद्धति (EVALUATION PLAN)

मौखिक प्रस्तुति (ORAL PRESENTATION)

मानक (CRITERIA)	1	2	3	4	5	**स्कोर** (SCORE)
श्रोताओं का ध्यान	श्रोताओं का ध्यानाकर्षण **नहीं**	श्रोताओं का ध्यानाकर्षण **अल्प**	श्रोताओं का ध्यानाकर्षण **आंशिक**	श्रोताओं का ध्यानाकर्षण **अर्द्धपूर्ण**	श्रोताओं का ध्यानाकर्षण **पूर्ण**	
स्पष्टता	विषय की स्पष्टता **नहीं**	विषय की स्पष्टता **अल्प**	विषय की स्पष्टता **आंशिक**	विषय की स्पष्टता **अर्द्धपूर्ण**	विषय की स्पष्टता **पूर्ण**	
विषय-वस्तु	तथ्यों की स्पष्टता व व्यवस्था **नहीं**	तथ्यों की स्पष्टता व व्यवस्था **अल्प**	तथ्यों की स्पष्टता व व्यवस्था **आंशिक**	तथ्यों की स्पष्टता व व्यवस्था **अर्द्धपूर्ण**	तथ्यों की स्पष्टता व व्यवस्था **पूर्ण**	
रचनात्मकता	प्रस्तुति की शैली में विविधता व नवीनता **नहीं**	प्रस्तुति की शैली में विविधता व नवीनता **अल्प**	प्रस्तुति की शैली में विविधता व नवीनता **आंशिक**	प्रस्तुति की शैली में विविधता व नवीनता **अर्द्धपूर्ण**	प्रस्तुति की शैली में विविधता व नवीनता **पूर्ण**	
प्रस्तुति-अवधि	प्रस्तुति के लिए आवंटित समय का अनुपालन **नहीं**	प्रस्तुति के लिए आवंटित समय का अनुपालन **अल्प**	प्रस्तुति के लिए आवंटित समय का अनुपालन **आंशिक**	प्रस्तुति के लिए आवंटित समय का अनुपालन **अर्द्धपूर्ण**	प्रस्तुति के लिए आवंटित समय का अनुपालन **पूर्ण**	
भाषण-कौशल	अभिव्यक्ति की प्रभविष्णुता **नहीं**	अभिव्यक्ति की प्रभविष्णुता **अल्प**	अभिव्यक्ति की प्रभविष्णुता **आंशिक**	अभिव्यक्ति की प्रभविष्णुता **अर्द्धपूर्ण**	अभिव्यक्ति की प्रभविष्णुता **पूर्ण**	
					TOTAL	
					REMARK	

लिखित परीक्षा (Written test)

मानक (CRITERIA)	1	2	3	4	5	**स्कोर** (SCORE)
विषय-वस्तु/तथ्यात्मकता	तथ्यों की प्रस्तुति **नहीं**	तथ्यों की प्रस्तुति **अल्प**	तथ्यों की प्रस्तुति **आंशिक**	तथ्यों की प्रस्तुति **अर्द्धपूर्ण**	तथ्यों की प्रस्तुति **पूर्ण**	
स्पष्टता	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **नहीं**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **अल्प**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **आंशिक**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **अर्द्धपूर्ण**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **पूर्ण**	
रचनात्मकता/मौलिकता	उत्तर लेखन में रचनात्मता/ मौलिकता **नहीं**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **अल्प**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **आंशिक**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **अर्द्धपूर्ण**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **पूर्ण**	
तारतम्यता	लेखन में विचारों की तारतम्यता **नहीं**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **अल्प**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **आंशिक**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **अर्द्धपूर्ण**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **पूर्ण**	
व्याकरण एवं वर्तनी	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **नहीं**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **अल्प**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **आंशिक**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **अर्द्धपूर्ण**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **पूर्ण**	
निष्कर्षात्मक कथन	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **नहीं**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **अल्प**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **आंशिक**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **अर्द्धपूर्ण**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **पूर्ण**	

प्रदत्त कार्य (Assignment)

मानक (CRITERIA)	1	2	3	4	5	**स्कोर** (SCORE)
विषय-वस्तु/तथ्यात्मकता	तथ्यों की प्रस्तुति **नहीं**	तथ्यों की प्रस्तुति **अल्प**	तथ्यों की प्रस्तुति **आंशिक**	तथ्यों की प्रस्तुति **अर्द्धपूर्ण**	तथ्यों की प्रस्तुति **पूर्ण**	
स्पष्टता	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **नहीं**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **अल्प**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **आंशिक**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **अर्द्धपूर्ण**	तथ्यों की प्रस्तुति में स्पष्टता **पूर्ण**	
रचनात्मकता/मौलिकता	उत्तर लेखन में रचनात्मता/ मौलिकता **नहीं**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **अल्प**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **आंशिक**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **अर्द्धपूर्ण**	उत्तर लेखन में रचनात्मकता/ मौलिकता **पूर्ण**	
तारतम्यता	लेखन में विचारों की तारतम्यता **नहीं**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **अल्प**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **आंशिक**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **अर्द्धपूर्ण**	लेखन में विचारों की तारतम्यता **पूर्ण**	
व्याकरण एवं वर्तनी	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **नहीं**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **अल्प**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **आंशिक**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **अर्द्धपूर्ण**	व्याकरण एवं वर्तनी की शुद्धता **पूर्ण**	
निष्कर्षात्मक कथन	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **नहीं**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **अल्प**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **आंशिक**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **अर्द्धपूर्ण**	निष्कर्षात्मक कथन/ सार तत्वों की प्रस्तुति **पूर्ण**	
आलोचनात्मक दृष्टि	विषय के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि **नहीं**	विषय के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि **अल्प**	विषय के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि **आंशिक**	विषय के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि **अर्द्धपूर्ण**	विषय के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि **पूर्ण**	

शोध-प्रविधि	विषयानुकूल प्रविधि का प्रयोग **नहीं**	विषयानुकूल प्रविधि का प्रयोग **अल्प**	विषयानुकूल प्रविधि का प्रयोग **आंशिक**	विषयानुकूल प्रविधि का प्रयोग **अर्द्धपूर्ण**	विषयानुकूल प्रविधि का प्रयोग **पूर्ण**	
संदर्भ	शोध के अनुकूल संदर्भ-शैली का अनुपालन	शोध के अनुकूल संदर्भ-शैली का अनुपालन	शोध के अनुकूल संदर्भ-शैली का अनुपालन	शोध के अनुकूल संदर्भ-शैली का अनुपालन	शोध के अनुकूल संदर्भ-शैली का अनुपालन	

9. Detailed Syllabus

अनिवार्य-पत्र (Core Course)

SEMESTER-I

आदिकालीन एवं निर्गुण काव्य

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR

HN 430	आदिकालीन एवं निर्गुण काव्य	03	01	-	04	04

Course outcome

- हिन्दी साहित्य के इतिहास के आदिकालीन एवं भक्तिकालीन काव्य के विविध पक्षों का ज्ञान हो पाता है।
- सरहपाद, गोरखनाथ, विद्यापति, कबीर एवं जायसी के साहित्य से परिचित हो पाते हैं।
- इसके अध्ययन से इतिहास, परंपरा एवं दर्शन की गहन समझ विकसित हो पाती है।
- आदिकालीन एवं मध्यकालीन समाज की संस्कृति, भाषा एवं साहित्य का बोध हो पाता है।
- इस साहित्य के अध्ययन से समतामूलक सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का निर्माण हो पाता है।

इकाई 1 : सरहपाद एवं गोरखनाथ : आदिकालीन काव्य
संपादक : वासुदेव सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी
पाठ्य पद सं.: दोहा कोश से दोहा सं.- 1,2,5,6,7,9,11,12,13,14. सबदी से
छंद सं.- 3,5,6,8,9,13,14,17,18,19)

इकाई 2 : विद्यापति : विद्यापति - संपादक : डॉ. शिवप्रसाद सिंह, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद,2010
पाठ्य पद सं.:- (3,4,5,8,9,10,11,12,13,14,15,16,43,48,52,59,83,95)

इकाई 3 : कबीर ग्रंथावली : संपादक– श्यामसुंदर दास (नागरी प्रचारिणी सभा, काशी)
पाठ्य पद सं.– आरंभिक बीस (20) पद ।

इकाई 4 : जायसी : पद्मावत, संपादक– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
पाठ्य पद : नागमती वियोग खंड
पाठ्य पुस्तक : पद्मावत, संपादक– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली-2011.

संदर्भ ग्रंथ :

1. सांकृत्यायन, राहुल, *हिंदी काव्यधारा*, किताब महल, इलाहाबाद, 2001.
2. पांडेय, शंभुनाथ, *आदिकालीन हिंदी साहित्य,* विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी, 1998.
3. मिश्र, शिवकुमार, *भक्ति आंदोलन और भक्तिकाव्य,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद.
4. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, *कबीर,* राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010.
5. अग्रवाल, पुरुषोत्तम, *अकथ कहानी प्रेम की*, राजकमल प्रकाशन, 2005.
6. श्रीवास्तव, वीरेंद्र, विद्यापति : *अनुशीलन एवं मूल्यांकन : दो खंडों में,* बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना, 2008.
7. सक्सेना, द्वारिकाप्रसाद, *हिंदी के प्राचीन प्रतिनिधि कवि*, विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा.
8. साही, विजयदेवनारायण, *जायसी,* हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद, 1995.
9. स्नातक, विजयेंद्र, *कबीर*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1993.
10. शुल्क, रामचंद्र, *जायसी : एक नई दृष्टि*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2001.

SEMESTER-I

छायावादी काव्य

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR

HN 431	**छायावादी काव्य**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

course outcome :

- इस पत्र के अध्ययन से विद्यार्थियों में हिंदी साहित्य के आधुनिक काल के एक विशिष्ट कालखंड का बोध हो पाता है।
- मनुष्य, प्रकृति एवं पर्यावरण के बीच रागात्मक संबंध स्थापित हो पाता है|
- राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास हो पाता है|
- वैश्विक परिप्रेक्ष्य में स्वच्छंदतावाद तथा छायावाद के अंतःसंबंधों को समझ पाते हैं|
- छायावाद के प्रतिनिधि कवियों के साहित्यिक एवं भाषिक वैशिष्ट से परिचित हो पाते हैं|
- साहित्य, समाज एवं प्रकृति के प्रति एक नवीन सौंदर्यबोध पैदा हो पाता है|

इकाई 1 : उद्भव और विकास : स्वच्छंदतावाद तथा छायावाद, छायावाद में रहस्यानुभूति स्वचंछदतावाद, कल्पना, राष्ट्रवादी विचारधारा, सौंदर्यबोध, काव्य भाषा, शक्तिकाव्य ।

इकाई 2 : जयशंकर प्रसाद : ईड़ा सर्ग ।

इकाई 3 : सूर्यकांत त्रिपाठी निराला : जूही की कली, वह तोड़ती पत्थर, कुकुरमुत्ता ।

इकाई 4 : महादेवी वर्मा : मैं नीर भरी दुःख की बदली, यह मंदिर का दीपक, जाग तुझको दूर जाना ।

संदर्भ ग्रंथ:

1. मुक्तिबोध, गजानन माधव, *कामायनी: एक पुनर्विचार*, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008.
2. सिंह, रामलाल, *कामायनी अनुशीलन*, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2000.
3. शास्त्री, जानकीवल्लभ, *महाप्राण निराला*, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009.
4. रघुवंश, *आधुनिक कवि निराला,* हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली, 2006.
5. लाल, शारदा, *सुमित्रानंदन पंत : कवि और काव्य*, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली, 1997.
6. मदान, इंद्रनाथ, *महादेवी*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2001.
7. श्रीवास्तव, परमानंद, *महादेवी*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2004.
8. पांडेय, गंगाप्रसाद, *महीयसी महादेवी*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2009.
9. सिंह, नामवर, *छायावाद*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1998.
10. सिंह, नामवर, *आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2004.
11. सिंह, उदयभानु, *छायावाद,,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2002.

SEMESTER-I

हिंदी साहित्य का इतिहास : आदिकाल और मध्यकाल

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 432	**हिन्दी साहित्य का इतिहास : आदिकाल और मध्यकाल**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

Course outcome :

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- हिंदी साहित्येतिहास के आदिकाल से लेकर रीतिकाल तक की विभिन्न प्रवृत्तियों, परिस्थितियों एवं अन्य आनुषंगिक विषयों की व्यापक समझ विकसित हो पाती है|
- आदिकाल और भक्तिकाल की विभिन्न प्रवृत्तियों, परिस्थितियों एवं अन्य आनुषंगिक विषयों से अवगत हो पाते हैं|
- आदिकाल के विभिन्न कवियों, काव्य-धाराओं, गद्यसाहित्य के स्वरूप एवं इनके विविध पक्षों का बोध हो पाता है|
- भक्तिकाल के विभिन्न कवियों, काव्य-धाराओं, गद्यसाहित्य के स्वरूप एवं इनके विविध पक्षों की जानकारी प्राप्त हो पाती है|
- रीति काल के विभिन्न कवियों, काव्य-धाराओं, गद्यसाहित्य के स्वरूप एवं इनके विविध पक्षों का ज्ञान हो पाता है|

इकाई 1 : साहित्य दर्शन और साहित्येतिहास, हिंदी साहित्येतिहास लेखन की परंपरा, हिंदी साहित्य के इतिहास का कालविभाजन एवं नामकरण।

इकाई 2 : आदिकाल : पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियाँ, आदिकालीन हिंदी साहित्य की विभिन्न धाराएँ (सिद्ध, नाथ, जैन, रासो, लौकिक साहित्य आदि), आदिकालीन गद्य साहित्य।

इकाई 3 : पूर्व मध्यकाल (भक्तिकाल) : पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियाँ, भक्ति आंदोलन, भक्तिकालीन विभिन्न काव्यधाराएँ (निर्गुण तथा सगुण) भक्तिकालीन गद्य साहित्य।

इकाई 4 : उत्तर मध्यकाल (रीतिकाल) : पृष्ठभूमि, प्रवृत्तियाँ, विभिन्न काव्यधाराएँ (रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध एवं रीतिमुक्त), रीतिकालीन गद्य साहित्य।

संदर्भ ग्रंथ :

1. शुक्ल, रामचंद्र, *हिंदी साहित्य का इतिहास*, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, 2002.
2. नगेंद्र, *हिंदी साहित्य का इतिहास*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2005.
3. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, *हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास*, लोकभारती प्रकाशन, 1986.
4. गुप्त, गणपतिचंद्र, *हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास : प्रथम खंड*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2002.
5. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, *हिंदी साहित्य की भूमिका*, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1988.
6. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, *हिंदी साहित्य : उद्भव और विकास*, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1986.
7. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, *हिंदी साहित्य का आदिकाल*, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2000.
8. मिश्र, शिवकुमार, *भक्ति आंदोलन और भक्तिकाव्य*, अभिव्यक्ति प्रकाशन, इलाहाबाद, 1991.
9. पांडेय, मैनेजर, *साहित्य और इतिहास दृष्टि*, पीपुल्स लिटरेसी, 1981.
10. नगेंद्र, *रीतिकाव्य की भूमिका*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 1995.
11. सिंह, बच्चन, *हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2002.
12. मिश्र, विश्वनाथ प्रसाद, *हिंदी साहित्य का अतीत*, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2000.
13. शर्मा, रामविलास, *परंपरा का मूल्यांकन*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2004.

SEMESTER-I

भारतीय काव्यशास्त्र

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 433	**भारतीय काव्यशास्त्र**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (Course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- भारतीय काव्यशास्त्र की चिंतन-परंपरा, भारतीय आचार्यों द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं काव्यशास्त्रीय आलोचना की समग्र समझ विकसित हो पाती है|
- काव्य के स्वरूप,लक्षण,तत्व, हेतु, प्रयोजन, गुण, दोष एवं शब्द-शक्तियों का सम्यक ज्ञान हो पाता है|
- रस एवं अलंकार संप्रदाय के स्वरूप, परिभाषा, प्रकार एवं इनके प्रवर्तकों के सिद्धांतों का अनुप्रयोग कर पाते हैं|
- ध्वनि एवं वक्रोक्ति संप्रदाय के स्वरूप, परिभाषा, प्रकार एवं इनके प्रवर्तकों के सिद्धांतों का अनुपालन कर पाते हैं|
- रीति एवं औचित्य संप्रदाय के स्वरूप, परिभाषा, प्रकार एवं इनके प्रवर्तकों के सिद्धांतों की व्यावहारिक समझ बन पाती है|

इकाई 1 : काव्य का स्वरूप, काव्य-लक्षण, काव्य-हेतु, काव्य-प्रयोजन, काव्य-तत्व, काव्य-गुण, काव्य-दोष एवं शब्द-शक्तियाँ।

इकाई 2 : (क) रस संप्रदाय : प्रवर्तक और आचार्य, रस का स्वरूप, अंग, रस निष्पत्ति, साधारणीकरण, छंद – अर्थ, परिभाषा,प्रकार एवं प्रक्रिया।

(ख) अलंकार संप्रदाय : प्रवर्तक और आचार्य, अलंकार – परिभाषा एवं वर्गीकरण, काव्यालंकार का महत्त्व।

इकाई 3 : (क) ध्वनि संप्रदाय : प्रवर्तक और आचार्य, ध्वनि का स्वरूप, ध्वनि के भेद- ध्वनि काव्य, गुणीभूत व्यंग्य एवं चित्र-काव्य।

(ख) वक्रोक्ति संप्रदाय : प्रवर्तक और आचार्य, वक्रोक्ति का स्वरूप, वक्रोक्ति के प्रमुख छः भेद।

इकाई 4 : (क) रीति संप्रदाय : प्रवर्तक और आचार्य, रीति की अवधारणा एवं भेद, रीति एवं गुण।

(ख) औचित्य संप्रदाय : प्रवर्तक और आचार्य, औचित्य का स्वरूप, भेद एवं महत्त्व।

संदर्भ ग्रंथ :

1. नगेंद्र, *भारतीय काव्यशास्त्र की भूमिका,* नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1998.
2. चौधरी, सत्यदेव, *भारतीय काव्यशास्त्र*, अलंकार प्रकाशन, नई दिल्ली, 2003.
3. मिश्र, भगीरथ, *काव्यशास्त्र*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1995.
4. नगेंद्र, *रस सिद्धांत*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1999.
5. नगेंद्र, *रीतिकाव्य की भूमिका*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2002.
6. राय, गुलाब, *काव्य के सिद्धांत और अध्ययन*, आत्माराम एंड संस, दिल्ली, 2000.
7. शुक्ल, आचार्य रामचंद्र, *रस-मीमांसा,* हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली, 2008.
8. गुप्त, गणपतिचंद्र, *भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य-सिद्धांत*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद,
9. पांडेय, शशिभूषण शीतांशु, *भारतीय काव्यशास्त्र और शैलीविज्ञान*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2002.
10. मिश्र, रामदहिन, *काव्य-दर्पण*, साहित्य भवन, इलाहाबाद, 1983.

SEMESTER-I

पाश्चात्य काव्यशास्त्र

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 434	पाश्चात्य काव्यशास्त्र	02	01	-	03	03

कोर्स प्रतिफल (Course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परंपरा, प्रमुख कला चिंतकों, काव्य-सिद्धांतों, साहित्य-दर्शन एवं साहित्यिक आलोचना की पाश्चात्य दृष्टियों का ज्ञान हो पाता है|
- प्लेटो एवं अरस्तु के काव्य सिद्धांतों का अनुप्रयोग कर पाते हैं|
- क्रोंचे एवं टी. एस. इलियट की सैद्धांतिक अवधारणा, स्वरूप और प्रयोग का अनुपालन कर पाते हैं|
- वर्ड्सवर्थ एवं आई.ए.रिचर्ड्स के सिद्धांतों की व्यावहारिक समझ बन पाती है|
- संरचनावाद, उत्तरसंरचनावाद, रूपवाद, विखंडनवाद और नयी समीक्षा के स्वरूप एवं सिद्धांत की समग्र समझ बन पाती है।

इकाई 1 : (क) पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परंपरा, प्लेटो का काव्य सिद्धांत
(ख) अरस्तू : अनुकरण एवं विरेचन सिद्धांत, त्रासदी एवं कामदी

इकाई 2 : क्रोंचे (अभिव्यंजनावाद), टी.एस.इलियट (परंपरा की अवधारणा, निर्वैक्तिकता का सिद्धांत, वस्तुनिष्ठ सहसंबंध)

इकाई 3 : वर्ड्सवर्थ : काव्यभाषा सिद्धांत, आई.ए.रिचर्ड्स : संप्रेषण सिद्धांत, मूल्य-सिद्धांत एवं काव्य-भाषा सिद्धांत

इकाई 4 : संरचनावाद, उत्तरसंरचनावाद, रूपवाद, विखंडनवाद और नयी समीक्षा

संदर्भ ग्रन्थ :

1. जैन, निर्मला, बाँठिया कुसुम, *पाश्चात्य साहित्य चिंतन*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1980.
2. नगेंद्र (सं), *पाश्चात्य काव्यशास्त्र का इतिहास*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1979.
3. सहाय, राजवंश हीरा, *पाश्चात्य साहित्यलोचन कोश*, बिहार हिंदी ग्रन्थ अकादमी, पटना, 1980.
4. मिश्र, भगीरथ, *पाश्चात्य साहित्यशास्त्र,* विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1994.
5. वार्ष्णेय, लक्ष्मीसागर, *पाश्चात्य साहित्यशास्त्र*, हिंदी समिति, लखनऊ, 2002.
6. शर्मा, देवेंद्रनाथ, *पाश्चात्य काव्यशास्त्र*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2000.
7. जुनेजा, वेदप्रकाश, *भारतीय एवं पाश्चात्य सौंदर्यशास्त्र*, सिद्धार्थ प्रकाशन करनाल, हरियाणा.
8. नगेंद्र, *अरस्तू का काव्यशास्त्र*, हिंदी अनुसंधान परिषद, दिल्ली, 1998.
9. जैन, निर्मला, *प्लेटो का काव्य-सिद्धांत*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2002.

10. तिवारी, रामचंद्र, *भारतीय एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र की रूपरेखा*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहबाद, 2007.
11. पाण्डेय, मैनेजर, *अनभै साँचा*, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2012.
12. जैन, निर्मला, *काव्य चिंतन की पश्चिमी परंपरा*, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2012.

SEMESTER-II

सगुण भक्ति एवं रीति काव्य

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 435	**सगुण भक्ति एवं रीति काव्य**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- मध्यकालीन समाज के साहित्य, भाषा एवं संस्कृति का बोध हो पाता है।
- भक्तिकालीन एवं रीतिकालीन काव्य के विविध पक्षों का ज्ञान हो पाता है।
- इतिहास, परंपरा एवं दर्शन की गहन समझ विकसित हो पाती है।
- समतामूलक सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का निर्माण हो पाता है।
- सूरदास, तुलसीदास, बिहारी एवं घनानन्द के काव्य से परिचित हो पाते हैं।

इकाई 1 : सूरदास : भ्रमरगीत, आचार्य रामचंद्र शुक्ल
नागरी प्रचारिणी सभा, काशी
पाठ्य पद : पद 21 से 40 तक

इकाई 2 : तुलसीदास : रामचरित मानस, तुलसीदास
गीता प्रेस, गोरखपुर, 1999
पाठ्य अंश- अयोध्याकांड : चित्रकूट प्रसंग से 20 पद

इकाई 3 : बिहारी : बिहारी रत्नाकर, (सं.) पंडित जगन्नाथ दास रत्नाकर
नागरी प्रसारिणी सभा, काशी, 1995
पाठ्य पद- (प्रारंभिक 20 दोहे)

इकाई 4 : घनानंद : घनानंद कवित्त, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
संजय बुक सेंटर, वाराणसी
पाठ्य पद- 2,5,7,8,9,10,12,15,33,82 (कुल 10 पद)

संदर्भ ग्रंथ :

1. शुक्ल, रामचंद्र, *सूरदास*, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, 2005.
2. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, *सूर-साहित्य*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2003.
3. पांडेय, मैनेजर, *भक्तिआंदोलन और सूरदास का काव्य,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2004.
4. शुक्ल, रामचंद्र, *गोस्वामी तुलसीदास,* नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, 2004.
5. त्रिपाठी, विश्वनाथ, *लोकवादी तुलसी,* राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2005.
6. सिंह, उदयभानु, *तुलसी काव्य मीमांसा*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1975.
7. मिश्र, विश्वनाथ प्रसाद, *बिहारी,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2000.
8. सिंह, बच्चन, *बिहारी का नया मूल्यांकन*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2001.
9. सिंह, लल्लन, *घनानंद*, साहित्य अकादमी, दिल्ली, 2004.
10. मिश्र, भगीरथ, *हिंदी रीति साहित्य*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2001.

11. इमरै, बंघा, *सनेह को मारग*, *घनानंद जीवन और काव्य*, वाणी प्रकाशन, 2010, दिल्ली.

SEMESTER-II

छायावादोत्तर काव्य

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 436	**छायावादोत्तर काव्य**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- छायावाद एवं छायावादोत्तर साहित्य, भाषा एवं संस्कृति का बोध हो पाता है।
- दिनकर एवं अज्ञेय का परिचय एवं इनके निर्धारित काव्यकृतियों का व्याख्यात्मक एवं आलोचनात्मक ज्ञान हो पाता है।
- नागार्जुन एवं मुक्तिबोध का परिचय एवं इनके निर्धारित कविताओं का व्याख्यात्मक एवं आलोचनात्मक ज्ञान हो पाता है।
- केदारनाथ अग्रवाल, शमशेर एवं धूमिल के काव्यों के व्याख्यात्मक एवं आलोचनात्मक ज्ञान की गहरी समझ विकसित हो पाती है|
- इतिहास, परंपरा एवं दर्शन का सम्यक बोध हो पाता है|
- समतामूलक सामाजिक एवं मानवीय मूल्यों का निर्माण हो पाता है।

इकाई 1 :(क) दिनकर : उर्वशी, दिनकर
लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2000
पाठ्यांश: उर्वशी, पाँचवाँ अंक

(ख) अज्ञेय : अस्मिता
विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1998
पाठ्य कविता : कलगी बाजरे की, बावरा अहेरी

इकाई 2 :(क) नागार्जुन : अस्मिता,
विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1998
पाठ्य कविता : अकाल और उसके बाद, सिंदूर तिलकित भाल

(ख) मुक्तिबोध : प्रतिनिधि कविताएँ
राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
पाठ्यांश : अंधेरे में

इकाई 3 :(क) केदारनाथ अग्रवाल : फूल नहीं रंग बोलते है
परिमल प्रकाशन, दिल्ली, 2000
पाठ्यांश : फूल नहीं रंग बोलते हैं, धूप का गीत

इकाई 4 :(क) धूमिल : संसद से सड़क तक
राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1996
पाठ्यांश : भाषा की रात, पटकथा

(ख) शमशेर बहादुर सिंह : अस्मिता
विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1998

पाठ्य कविताएँ : बात बोलेगी, वह सलोना जिस्म

संदर्भ ग्रंथ :

1. नवल, नंदकिशोर, *समकालीन काव्य-यात्रा,* राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2000.
2. शर्मा, रामविलास, *नई कविता और अस्तित्ववाद,* राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2001.
3. तिवारी, विश्वनाथ प्रसाद, *समकालीन हिंदी कविता,* राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2003.
4. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, *अज्ञेय और आधुनिक रचना की समस्या,* ज्ञानपीठ प्रकाशन, दिल्ली
5. पालीवाल, कृष्णदत्त, *अज्ञेय कविकर्म का संकट,* किताबघर प्रकाशन, दिल्ली, 2005.
6. मेहता,श्री नरेश, *मुक्तिबोध : एक अवधूत कविता,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2000.
7. सिंह, विजय बहादुर, *नागार्जुन और उनका रचना संसार,* हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली, 2002.

SEMESTER-II

हिंदी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 437	**हिन्दी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- आधुनिक काल की भाषा एवं संस्कृति का बोध हो पाता है।
- आधुनिक काल का उद्भव, विकास एवं प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं आदि की परिस्थितियों एवं प्रवृत्तियों का ज्ञान हो पाता है।
- प्रमुख गद्य विधाओं जैसे नाटक, निबंध, कहानी एवं आलोचना इत्यादि के स्वरूप एवं भेदों की समझ विकसित हो पाती है|
- छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद एवं नई कविता के परिवेश एवं उनकी प्रवृतियों से अवगत हो पाते हैं|
- समकालीन साहित्य एवं अस्मितामूलक विमर्शों का सम्यक बोध हो पाता है|

इकाई 1 : आधुनिक काल : उद्भव और विकास (मध्यकालीनता तथा आधुनिकता बोध, नवजागरण और भारतेंदु युग, प्रेस का उदय तथा प्रमुख पत्र–पत्रिकाएं) ।

इकाई 2: प्रमुख गद्य साहित्य का उद्भव और विकास : प्रारंभिक हिंदी नाटक, निबंध और आलोचना हिंदी कहानी तथा अन्य गद्य विधाएं।

इकाई 3: छायावाद तथा उत्तर छायावादी काव्य : परिवेश और प्रवृत्तियाँ (प्रगतिवाद, प्रयोगवाद तथा नई कविता) ।

इकाई 4: साठोत्तरी कविता, समकालीन साहित्य, अस्मितावादी विमर्श (दलित और स्त्री) ।

संदर्भ ग्रंथ :

1. शुक्ल, रामचंद्र, *हिंदी साहित्य का इतिहास,* नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, 2002.

2. सिंह, नामवर, *आधुनिक हिंदी साहित्य की प्रवृत्तियाँ,* लोकभारती प्रकाशन,इलाहाबाद,1994.
3. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, *हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास,* लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली, 2003.
4. शर्मा, रामविलास, *नई कविता और अस्तित्ववाद,* राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2003.
5. शर्मा, रामविलास, *लोक जागरण और हिंदी साहित्य,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 1990.
6. तिवारी, रामचंद्र, *हिंदी गद्य साहित्य,* विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 1992.
7. वाजपेयी, नंददुलारे, *आधुनिक साहित्य,* राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2003.
8. चतुर्वेदी, वैद्यनाथ, *नई कविता का इतिहास,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 1998.
9. त्रिपाठी, विश्वनाथ, *हिंदी आलोचना*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2004.
10. नवल, नंदकिशोर, *हिंदी आलोचना का विकास*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2003.
11. राय, गोपाल, *हिंदी उपन्यास का इतिहास*, राजकमल प्रकाशन, 1999.
12. राय, गोपाल, *हिंदी कहानी का इतिहास*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2004.
13. गुप्त, गणपति चंद्र, हिंदी *साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद,
14. सिंह, बच्चन, *आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1996.
15. सिंह, बच्चन, *हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास*, राधाकृष्ण प्रकाशन, 2000.

SEMESTER-II

हिन्दी भाषा एवं लिपि

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 438	**हिन्दी भाषा एवं लिपि**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- हिंदी भाषा की उत्पत्ति, स्वरूप एवं इतिहास का बोध होता है।
- हिंदी क्षेत्र एवं हिंदी बोलियों के स्वरूप, वर्गीकरण आदि के साथ-साथ भाषा और बोली के तुलनात्मक संदर्भ की समझ विकसित हो पाती है|
- हिंदी भाषा-रचना के प्रकार एवं प्रक्रिया का सम्यक बोध हो पाता है|
- देवनागरी लिपि के विकास, विशेषता एवं वैज्ञानिकता की गहरी समझ हो पाता है|
- हिंदी के विराम चिह्नों की पहचान, प्रकार एवं प्रकार्य का सटीक बोध हो पाता है|

इकाई 1 : भारतीय आर्यभाषा : उदभव एवं विकास- प्राचीन भारतीय आर्यभाषा, मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा एवं आधुनिक भारतीय आर्यभाषा।

इकाई 2 : हिन्दी भाषा : उदभव एवं विकास- आदिकाल, मध्यकाल और आधुनिककाल, अपभ्रंश एवं पुरानी हिन्दी का विकास।

इकाई 3 : हिन्दी भाषा-क्षेत्र एवं उसकी बोलियाँ : हिन्दी भाषा-क्षेत्र- हिन्दी क्षेत्र, हिंदीतर क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र , बोलियों का वर्गीकरण, भाषा और बोली : साम्य-वैषम्य।

इकाई 4 : हिन्दी भाषा-रचना :

(क) व्याकरणिक-रचना – संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया एवं अव्यय ।

(ख) व्याकरणिक कोटियाँ – लिंग, वचन, पुरुष, काल, पक्ष, वृत्ति, वाच्य और कारक।

इकाई 5 : देवनागरी लिपि : देवनागरी लिपि- विकास, विशेषता एवं वैज्ञानिकता। देवनागरी लिपि का मानकीकरण। हिन्दी वर्तनी - स्वरूप एवं परिभाषा, हिन्दी वर्तनी की एकरूपता। विराम चिन्ह - स्वरूप एवं हिन्दी विराम चिन्ह ।

संदर्भ ग्रंथ :

1. वर्मा, धीरेंद्र, *हिंदी भाषा का इतिहास*, हिंदुस्तानी अकादमी, इलाहाबाद, 1990.
2. तिवारी, उदयनारायण, *हिंदी भाषा का उद्गम और विकास*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1995.
3. तिवारी, भोलानाथ, *हिंदी भाषा*, किताब महल, इलाहाबाद, 2002.
4. तिवारी, भोलानाथ, *हिंदी भाषा की संरचना*, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 1998.
5. पाठक, रघुवंशमणि, *भाषा-विज्ञान, हिंदी भाषा एवं लिपि*, संवेदना प्रकाशन,लखनऊ, 2010.
6. वर्मा, धीरेंद्र, *हिंदी भाषा का इतिहास*, हिंदुस्तानी अकादमी, इलाहाबाद, 1995.
7. बाहरी, हरदेव, *हिंदी भाषा : उद्भव और विकास*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2000.
8. श्रीवास्तव, रवींद्रनाथ, *हिंदी भाषा की संरचना*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1999.
9. सिंह, सूरजभान, *हिंदी भाषा संरचना और प्रकार्य,* साहित्य सहकार, दिल्ली, 1998.
10. तिवारी, भोलानाथ (सं), *हिंदी भाषा की लिपि संरचना*, साहित्य सहकार, दिल्ली, 1996.
11. चौधरी, अनंत, *नागरी लिपि और हिंदी वर्तनी*, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी, पटना.
12. भाटिया, ओमप्रकाश, *नागरी लिपि का उद्भव और विकास*, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2000.
13. चटर्जी, सुनीति कुमार, *भारतीय आर्य भाषाएँ और हिंदी*, राजपाल एंड सन्स, दिल्ली, 1960.

SEMESTER-III

हिंदी कथा साहित्य : उपन्यास एवं कहानी

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 540	**हिन्दी कथा साहित्य : उपन्यास एवं कहानी**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- हिंदी कथा साहित्य के इतिहास, परंपरा एवं दर्शन के साथ-साथ उसके विविध स्वरूपों तथा समीक्षात्मक विश्लेषण का बोध हो पाता है|
- प्रेमचंद के गोदान की कथावस्तु एवं तत्कालीन भारतीय समाज एवं संस्कृति से अवगत हो पाते हैं|
- फणीश्वर नाथ रेणु के मैला आंचल के अध्ययन से स्थानीयता एवं आंचलिकता का बोध हो पाता है|
- अज्ञेय के शेखर एक जीवनी के माध्यम से मनोवैज्ञानिकता का ज्ञान हो पाता है|
- नई कहानी आंदोलन के स्वरूप एवं निर्धारित प्रतिनिधि कहानियों द्वारा तत्कालीन समाज एवं संस्कृति की गहरी समझ विकसित हो पाती है|

इकाई 1: प्रेमचंद : गोदान।

इकाई 2: फणीश्वर नाथ रेणु : मैला आंचल।

इकाई 3: सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय : शेखर एक जीवनी भाग 1.।

इकाई 4: नई कहानी आंदोलन (प्रतिनिधि कहानियाँ): अमरकांत(डिप्टी कलेक्टरी, निर्मल वर्मा (परिंदे), मोहन राकेश (मिस पॉल), उषा प्रियंवदा(वापसी), मन्नू भंडारी (त्रिशंकु), राजेद्र यादव (जहाँ लक्ष्मी कैद है)।

संदर्भ ग्रंथ :

1. राय, गोपाल, *गोदान : नया परिप्रेक्ष,* अनुपम प्रकाशन, पटना, 2000.
2. शर्मा, रामविलास, *प्रेमचंद और उसका युग,* राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1989.
3. रहबर, हंसराज, *प्रेमचंद व्यक्तित्व और कृतित्व*, आत्माराम एंड सन्स, दिल्ली, 1962.
4. जैन, नेमिचंद, *अधूरे साक्षात्कार,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 1989.
5. सिंह, विजयमोहन, *कथा समय,* राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1983.

6. मधुरेश, *हिंदी उपन्यास का विकास,* सुमित प्रकाशन, इलाहाबाद, 1998.
7. सिंह, नामवर, *कहानी : नई कहानी,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1982.
8. यादव, राजेंद्र, *नई कहानी : संवेदना और स्वरूप,* नेशनल पब्लिशिंग हाउस, 2000.
9. धनंजय (सं), *समकालीन कहानी : दिशा और दृष्टि,* अभिव्यक्ति प्रकाशन, इलाहाबाद, 1970.
10. मधुरेश, *सिलसिला,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1979.
11. सिंह, विजयमोहन, *आज की हिंदी कहानी,* राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1983.
12. मधुरेश, *नई कहानी : पुनर्विचार,* नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1999.
13. ठाकुर, देवेश, *मैला आँचल की रचना प्रक्रिया,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2001.
14. त्रिपाठी, विश्वनाथ, *कुछ कहानियाँ कुछ विचार,* वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 1988.

SEMESTER-III

हिंदी नाटक और निबंध

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 541	**हिन्दी नाटक और निबंध**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- नाटक एवं निबंध के इतिहास, परंपरा एवं दर्शन के साथ-साथ उसके विविध स्वरूपों तथा आलोचनात्मक विश्लेषण का बोध हो पाता है|
- जयशंकर प्रसाद के चंद्रगुप्त के माध्यम से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना का विकास हो पाता है|
- मोहन राकेश के निर्धारित नाटक एवं एकांकियों द्वारा तत्कालीन समाज की विसंगतियों की पड़ताल कर पाते हैं|
- आचार्य रामचंद्र शुक्ल एवं हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंधों से सामाजिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक भाव से अनुप्राणित हो पाते हैं|

इकाई 1 : जयशंकर प्रसाद : चंद्रगुप्त
विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2005

इकाई 2 : मोहन राकेश : आधे-अधूरे
राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2002

इकाई 3 : मोहन राकेश (संपादक) : पाँच पर्दे
राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 1993
पाठ्य सामग्री : जोंक, औरंगजेब की आखिरी रात, सड़क, बंदी, स्ट्राइक।

इकाई 4 : (क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल : चिंतामणि, भाग-1

इंडियन प्रेस, इलाहाबाद, 1986
पाठ्य निबंध : ईर्ष्या, काव्य में लोकमंगल की भावना, श्रद्धा और भक्ति

(ख) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी : अशोक के फूल
लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2001
पाठ्य निबंध : अशोक के फूल, भरतीय संस्कृति की देन, एक कुत्ता और एक मैना।

संदर्भ ग्रंथ :

1. तनेजा, सत्येंद्र, *नाटककार जयशंकर प्रसाद*, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 2000.
2. श्रोत्रिय, प्रभाकर, *जयशंकर प्रसाद : एक पुनर्मूल्यांकन*, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1998.
3. सिंह, बच्चन, *हिंदी नाटक*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1997.
4. दास, ब्रजरत्न, *हिंदी नाट्य साहित्य*, हिंदी साहित्य कुटीर, वाराणसी, 2006.
5. ओझा, दशरथ, *हिंदी नाटक का उद्भव और विकास*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस,दिल्ली,1983.
6. तनेजा, जयदेव, *समकालीन हिंदी नाटक और रंगमंच*, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 1995.
7. चातक, गोविंद, *आधुनिक नाटकों का मसीहा : मोहन राकेश*, राधाकृष्ण प्रकाशन,दिल्ली, 1998.
8. सिंह, उदयभानु, *आधुनिक गद्य की विधाएँ*, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2000.
9. तिवारी, रामचंद्र, *हिंदी निबंध और निबंधकार*, हिंदी बुक सेंटर, दिल्ली-2007.
10. त्रिपाठी, उमाकांत, *निबंध और निबंध*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2000.
11. तिवारी, रामचंद्र, *हिंदी का गद्य साहित्य*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2000.

SEMESTER-III

भाषाविज्ञान

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 542	**भाषा विज्ञान**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- भाषा एवं भाषा-विज्ञान का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक पक्षों का समग्र ज्ञान हो पाता है|
- भाषा-विज्ञान का अंतर-अनुशासनिक विषयों के साथ अंतर-संबंध एवं भाषिक कौशलों का बोध हो पाता है|
- भाष-विज्ञान के प्रमुख शाखाओं के स्वरूप एवं भाषिक-प्रक्रिया की गहरी समझ विकसित हो पाती है|
- ध्वनि-विज्ञान एवं रूप-विज्ञान के स्वरूप, परिभाषा एवं विविध पहलुओं का ज्ञान हो पाता है|
- वाक्य-विज्ञान और अर्थ-विज्ञान के द्वारा वाक्य एवं अर्थ के स्वरूप, संरचना, कारण एवं दिशाओं का बोध हो पाता है|

इकाई 1 : भाषा : अर्थ एवं परिभाषा, स्वरूप एवं उत्पत्ति, भाषा के विभिन्न रूप, भाषा के अभिलक्षण, लिखित एवं उच्चरित भाषा, भाषा और बोली।

इकाई 2 : भाषाविज्ञान : स्वरूप एवं परिभाषा, भाषा विज्ञान की शाखाएँ (मुख्य एवं गौण), भाषा वैज्ञानिक अध्ययन की प्रवृत्तियाँ – सामान्य और वर्णनात्मक, एककालिक

और बहुकालिक, सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त, तुलनात्मक और व्यतिरेकी, समाज भाषाविज्ञान और मनोभाषाविज्ञान भाषाविज्ञान का अन्य विषय के साथ संबंध।

इकाई 3 : (क) ध्वनि विज्ञान : स्वरूप एवं परिभाषा, शाखाएँ- उच्चारण, श्रव्य एवं यांत्रिक, वागेन्द्रिय एवं उच्चारण-प्रक्रिया, ध्वनियों का वर्गीकरण, ध्वनि एवं स्वनिम में अंतर, ध्वनि परिवर्तन : कारण एवं दिशाएँ, स्वनिम : स्वरूप, परिभाषा, विशेषता, प्रकार एवं हिन्दी की स्वनिम व्यवस्था ।

(ख) रूप विज्ञान : स्वरूप एवं परिभाषा, शब्द और पद, उपसर्ग और प्रत्यय, रूप-परिवर्तन : कारण एवं दिशाएँ, रुपिम : स्वरूप एवं प्रकार, संरूप ।

इकाई 4 : (क) वाक्य विज्ञान : वाक्य की परिभाषा, अवयव, उपवाक्य, पदबंध, वाक्य के प्रकार, प्रोक्ति की अवधारणा, स्वरूप एवं प्रकार।

(ख) अर्थ विज्ञान : अर्थ की अवधारणा एवं प्रकृति, अर्थ परिवर्तन : कारण एवं दिशाएँ।

संदर्भ ग्रंथ :

1. तिवारी, भोलानाथ, *भाषा-विज्ञान*, किताब महल, इलाहाबाद, 2002.
2. शर्मा, देवेंद्रनाथ, *भाषा-विज्ञान की भूमिका*, अनुपम प्रकाशन, पटना, 1986.
3. पाठक, रघुवंशमणि, *भाषा विज्ञान :हिंदी भाषा और लिपि*, संजय बुक सेंटर, वाराणसी, 2011.
4. सक्सेना, बाबूराम, *सामान्य भाषा विज्ञान*, हिंदी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद, 2005.
5. द्विवेदी, कपिलदेव, *भाषा विज्ञान एवं भाषाशास्त्र*, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2009.
6. तिवारी, उदयनारायण, *भाषाशास्त्र की रूपरेखा*, भारती भंडार, इलाहाबाद, 2004.
7. शर्मा, रामकिशोर, *आधुनिक भाषाविज्ञान के सिद्धांत*, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 2005.
8. अग्रवाल, मुकेश, *हिंदी भाषा की संरचना*, के.एल.पचौरी प्रकाशन, दिल्ली, 2004.

SEMESTER-III

हिंदी आलोचना

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 543	**हिन्दी आलोचना**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

कोर्स प्रतिफल (course outcome)

प्रस्तुत पत्र के अध्ययन से:

- हिंदी आलोचना के इतिहास, परंपरा एवं दर्शन के साथ-साथ उसके विविध स्वरूपों तथा समीक्षात्मक विश्लेषण का बोध हो पाता है|
- हिंदी के आलोचकों एवं उनकी आलोचकीय दृष्टि का ज्ञान हो पाता है|
- रचनाओं एवं रचनाकारों के प्रति विद्यार्थियों में आलोचनात्मक विवेक पैदा हो पाता है|

- भारतेन्दु, द्विवेदी, छायावाद एवं छायावादोत्तर युग की हिंदी आलोचना के निर्धारित आलोचकों एवं उनकी आलोचकीय पद्धति के विविध पक्षों की समझ विकसित हो पाती है|

इकाई 1 : हिंदी आलोचना की परंपरा : उद्भव और विकास (भारतेंदु, बालमुकुंद गुप्त बालकृष्ण भट्ट की आलोचना पद्धति)।

इकाई 2 : द्विवेदी युगीन आलोचना : महावीर प्रसाद द्विवेदी, आचार्य रामचंद शुक्ल, प्रेमचंद।

इकाई 3 : छायावाद युगीन हिंदी आलोचना : हजारी प्रसाद द्विवेदी, नगेंद्र के आलोचना सिद्धांत।

इकाई 4 : छायावादोत्तर हिंदी आलोचना : रामविलास शर्मा, नामवर सिंह, नंद दुलारे वाजपेयी

संदर्भ ग्रंथ :

1. त्रिपाठी, विश्वनाथ, हिंदी आलोचना , राजकमल प्रकाशन, दिल्ली.2004
2. नवल, नंदकिशोर, हिंदी आलोचना का विकास, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2003
3. तिवारी, रमेश, आलोचना के तीन आयाम, संगम प्रकाशन, इलाहाबाद, 1995
4. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, इतिहास और आलोचक दृष्टि, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद. 2013
5. तिवारी, रामचंद, हिंदी आलोचन शिखरों का साक्षात्कार, लोकभारती प्रकाशन, इलाबाहाद, 2009
6. शर्मा, विनयमोहन, *शोध प्रविधि,* नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 1990.
7. जैन, रवींद्र कुमार, *साहित्यिक अनुसंधान के आयाम*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2008.

SEMESTER-IV

वैकल्पिक पत्र : **(F)**

(Elective Paper)

विमर्शमूलक अध्ययन

प्रस्तुत-पत्र विमर्शमूलक अध्ययन पर केन्द्रित है । इसका उद्देश्य अस्मितामूलक, दलितमूलक, स्त्रीमूलक और आदिवासीमूलक जैसी चार प्रमुख साहित्यिक धाराओं का सविस्तार अध्ययन-विश्लेषण प्रस्तुत करना है जिससे विद्यार्थियों में उक्त धाराओं की समझ विकसित हो सके। इस विकल्प के अंतर्गत चार पत्र रखे गए हैं ।

F-1

अस्मितामूलक विमर्श

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 569	**अस्मितामूलक विमर्श**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

Course Outcome (कोर्स प्रतिफल)

इस पत्र के अध्ययन से –

- अस्मितामूलक विमर्श के इतिहास तथा सांस्कृतिक विकास यात्रा से अवगत हो पाते हैं एवं राष्ट्रवाद के साथ अस्मिता के संबंधों की पड़ताल कर पाते हैं।
- अस्मिता की परिभाषा, उसके उद्भव एवं विकास तथा साहित्यिक एवं सामाजिक प्रभावों की समझ विकसित हो पाता है।
- अस्मिता के विविध रूपों से अवगत हो पाते हैं तथा दैनिक व्यवहार में उसके प्रभावों को विश्लेषित कर पाते हैं।
- विद्यार्थी लैंगिक अस्मिता, हाशिये की अस्मिता, अल्पसंख्यक अस्मिता के प्रति संवेदनशील हो पाते हैं।
- अस्मिता और भूमंडलीकरण के परस्पर संबंध और प्रभावों का विश्लेषण कर पाते हैं।

इकाई 1 : अस्मिता की अवधारणाएँ और सिद्धांत , अस्मिता का अर्थ, निर्माण प्रक्रिया, प्रकृति।

इकाई 2 : इतिहास और अस्मिता, स्मृति तथा अस्मिता और सत्ता, अस्मिता की राजनीति ।

इकाई 3 : अस्मिता का विकास, अस्मिता और राष्ट्र, भूमंडलीकरण और अस्मिता ।

इकाई 4 : व्यक्ति, अस्मिता और सामूहिक अस्मिता , हाशिए की अस्मिताएँ, अल्पसंख्यक अस्मिताएँ।

संदर्भ ग्रंथ :

1. प्रगतिशील सांस्कृतिक आंदोलन, मुरली मनोहर प्रसाद सिंह, चंचल सिंह चौहान, राजकमल प्रकाशन, 2004 ।
2. हिंदू परंपराओं का राष्ट्रीयकरण: भारतेंदु और उन्नीसवी सदी का भारत, वसुधा डालमिया, अनु. संजीव कुमार, योगेंद्र दत्त, राजकमल प्रकाशन, 2010।
3. अस्मिता और न्याय, आलोक टंडन, लोकभारती प्रकाशन, 2018 ।
4. समकालीन आलोचना विमर्श, अवधेश कुमार सिंह, लोकभारती प्रकाशन. 2018 ।

F-3

दलितमूलक विमर्श

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 571	**दलितमूलक विमर्श**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

Course Outcome (कोर्स – प्रतिफल)

इस पत्र के अध्ययन से –

- दलित साहित्य की अवधारणा की सैद्धांतिकी से अवगत हो पाते हैं।
- जूठन उपन्यास में वर्णित दलित जीवन से परिचित हो पाते हैं।
- दलित साहित्य तथा साहित्यकारों के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि विकसित कर पाते हैं।
- हाशिए के जीवन के प्रति संवेदनशील चेतना का विकास हो पाता है।
- हिंदी के अन्य साहित्यिक विधाओं में वर्णित हाशिए के समाज के प्रति जिम्मेदार हो पाते हैं।

इकाई 1: दलित साहित्य की अवधारणा तथा सैद्धांतिकी (प्रमुख सैद्धांतिक पक्ष, साहित्यिक अभिव्यक्तियों का स्वरूप)।

इकाई 2: हिन्दी का दलित गद्य साहित्य-1 : ओम प्रकाश वाल्मिकी (जूठन) ।

इकाई 3: हिन्दी का दलित गद्य साहित्य-2 : संजीव(सूत्रधार), उदय प्रकाश (मोहनदास)।

इकाई 4: हिन्दी की प्रमुख दलित कविता **:** अछूतानंद (अछूत कहाँ तक पडे रहेंगे)
नागार्जुन(हरिजन गाथा)।

संदर्भ ग्रंथ :

1. सिंह,राजेंद्र प्रसाद, हिन्दी का अस्मितामूलक साहित्य और अस्मिताकार, अमन प्रकाशन, कानपुर,2016।
2. सं. दूबे, अभय, आधुनिकता के आइने में दलित, सीएसडीएस, नई दिल्ली, 2015।

F-2

स्त्रीमूलक विमर्श

Course Code	Course Name	L	T	P	CH	CR
HN 570	**स्त्रीमूलक विमर्श**	**03**	**01**	**-**	**04**	**04**

Course Outcome (कोर्स – प्रतिफल)

इस पत्र के अध्ययन से –

- स्त्री विमर्श की अवधारणा (भारतीय एवं पाश्चात्य) की सैद्धांतिकी से अवगत हो पाते हैं।
- स्त्री विमर्शमूलक हिंदी साहित्य की विविध विधाओं का सम्यक ज्ञान हो पाता है।
- हिंदी साहित्य में स्त्री विमर्श के विकास-क्रम के प्रति आलोचनात्मक दृष्टि विकसित कर पाते हैं।
- समाज में विद्यान लैंगिक विषमता के प्रति संवेदनशील बन पाते हैं।
- हिंदी के अन्य साहित्यिक विधाओं में वर्णित लैंगिक विषमता की बारीकियों की पड़ताल कर पाने में सक्षम हो पाते हैं।

इकाई 1: अवधारणा और स्त्री मुक्ति आंदोलन : पाश्चात्य और भारतीय**,** पितृसत्तात्मकता के सूत्र।

